
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

21 मार्च 2025

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन तभी सार्थक है जब हम किसी

लक्ष्य के लिए प्रयास कर रहे हों।

अरस्तू



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

21 मार्च

Gyan Drishti

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, शुक्रवार 21 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

**अगर आप अपने जीवन में शांति चाहते हैं तो अपने काम पर ध्यान दें न कि लोग क्या कहते हैं इस पर।**

**If you want peace in your life then focus on your work and not on what people say.**

## आज के दिन

**1887– बम्बई में प्रार्थना समाज की स्थापना की गई थी।**

**1916– शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का जन्म हुआ।**

**1935– फारस का नाम बदलकर ईरान कर दिया गया।**

**1977– भारत में आपातकाल, की समाप्ति की घोषणा की गई। इंदिरा गांधी की सरकार ने वर्ष 1975 में 25 जून से देश में आपातकाल लगाया था।**

1. **अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस**– विश्व वानिकी दिवस पहली बार वर्ष 1971 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य यह है कि लोग वनों सम्पदा के महत्व को समझें और इसका संरक्षण करें। भारत में मात्र 22.7 प्रतिशत भू–भाग पर ही वन है। जबकि राष्ट्रीय वननीति के तहत देश के एक–तिहाई अर्थात् 33.3 प्रतिशत भू–भाग पर वनों को विस्तार होना चाहिए।
   - **संदर्भः हमारी दुनिया भाग 3 इकाई 1(ख) वन एवं वन्य प्राणी संसाधन, पर्यावरण और हम भाग 3 अध्याय 15 तथा विज्ञान भाग 3, अध्याय 12** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

2. **अंतर्राष्ट्रीय रंगभेद उन्मूलन दिवस**– अंतर्राष्ट्रीय रंगभेद उन्मूलन दिवस समाज में समानता के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन उन घटनाओं की याद में मनाया जाता है जब 21 मार्च, 1960 ई. को दक्षिणी अफ्रीका के शार्पविली में पुलिस ने रंगभेद के खिलाफ एक छात्र प्रदर्शन पर गोलीयां चलाई थी, जिसके परिणामस्वरूप कई छात्र मारे गये थे। इस घटना के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व भर में किसी के अधिकारों का हनन रोके जाने हेतु दिवस मनाये जाने का आग्रह किया एवं 1966 में जातीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय रंगभेद उन्मूलन दिवस मनाया गया।
   - **संदर्भः सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक जीवन भाग–2 के अध्याय 1** तथा अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक **रेडियंस भाग 1 पाठ 9** तथा **कोंपल भाग 5 अध्याय 1** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

3. **विषुव दिवस** – वर्ष का वह समय जब सूर्य की किरणें पृथ्वी के विषुवत रेखा अथवा भूमध्य रेखा पर लम्बवत् पड़ती हैं तो पृथ्वी के समस्त भाग पर दिन–रात का समय बराबर–बराबर होता है। इसी को विषुव कहा जाता है। 21 मार्च को ऐसी खगोलिय स्थिति उत्पन्न होती है जिसे वसंत विषुव कहा जाता है।
   - **संदर्भः हमारी दुनिया भाग 1 अध्याय 2 पृथ्वी एवं उसकी गतियां** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

4. **विश्व कठपुतली दिवस**– विश्व कठपुतली दिवस प्राचीन मनोरंजन कला में से एक है। इस दिवस को मनाने का विचार ईरान के कठपुतली प्रस्तोता जावेद जोलपाघरी के मन में आया था। इसे प्रथम बार वर्ष 2003 में मनाया गया था। विश्व कठपुतली दिवस प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। हमारे देश भारत में राजस्थान की कठपुतली काफी प्रसिद्ध है। लकडी और कपडे से बनी मध्यकालीन राजस्थानी पोशाक पहने कठपुतलियां धागे से बांध कर नचाई जाती हैं। उडीसा का 'साखी कुंदेई', आसाम का 'पुतला नाच', महाराष्ट्र का 'मालासूत्री बहुली' और कर्नाटक की 'गोम्बेयेट्टा' धागे से नचाई जाने वाली कठपुतलियों के रूप हैं।

5. **वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे**– डाउन सिंड्रोम जिसे ट्राइसोमी भी कहा जाता है एक आनुवांशिक विकार है। विश्व में हर 800 में से एक बच्चा डाउन सिंड्रोम का शिकार होता है। डाउन सिंड्रोम शरीर में क्रोमासोम की असामान्य संख्या की वजह से होता है। पीड़ित बच्चों को नाक चपटी, छोटे कान, छोटी कद, छोटे हाथ आदि हो होते हैं। ऐसे बच्चे सुनने की क्षमता कम, कानों का संक्रमण, आँखों में मोतियाबिंद, बौद्धिक दिव्यांगता, थॉयराइड, जन्म के समय दिल में विकृति, एनीमिया आदि से ग्रसित होते हैं। डाउन सिंड्रोम का कोई इलाज नहीं है। शिक्षा और उचित देखभाल से जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है।

6. **विश्व कविता दिवस** – कवियों और उनकी कविता की सृजनात्मकता को सम्मान देने के लिए विश्व कविता दिवस युनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में पेरिस में आयोजित 30वें अधिवेशन में पारित किया गया था। यह प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है।

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti


Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

21 मार्च

मधु प्रिया

## विषुवदिवस 21 मार्च




'विषुव'ऐसा समय-बिंदु होता है, जिसमें दिवस और रात्रि लगभग बराबर होते हैं। इसका शब्दिक अर्थ होता है - समान। 'विषुव' शब्द संस्कृत से लिया गया है और इसका शाब्दिक अर्थ दिन और रात्रि के समान होने से है । इक्वीनॉक्स शब्द लैटिन भाषा के शब्द एक्वस (समान) और नॉक्स (रात्रि) से लिया गया है। किसी क्षेत्र में दिन और रात की लंबाई को प्रभावित करने वाले कई दूसरे कारक भी होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर 23½° झुके हुए सूर्य के चक्कर लगाती है, इस प्रकार वर्ष में एक बार पृथ्वी इस स्थिति में होती है, जब वह सूर्य की ओर झुकी रहती है, एक बार सूर्य से दूसरी ओर झुकी रहती है।इसी प्रकार वर्ष में दो बार ऐसी स्थिति भी आती है, जब पृथ्वी का झुकाव न सूर्य की ओर ही होता है और न ही सूर्य से दूसरी ओर, बल्कि बीच में होता है। इस स्थिति को विषुव या इक्विनॉक्स कहा जाता है। इन दोनों तिथियों पर दिन और रात की बराबर लंबाई लगभग बराबर होती है। यदि दो लोग भूमध्य रेखा से समान दूरी पर खड़े हों तो उन्हें दिन और रात की लंबाई बराबर महसूस होगी। ग्रेगोरियन वर्ष के आरंभ होते समय (जनवरी माह में) सूरज दक्षिणी गोलार्ध में होता है और वहां से उत्तरी गोलार्ध को अग्रसर होता है। वर्ष के समाप्त होने (दिसम्बर माह) तक सूरज उत्तरी गोलार्द्ध से होकर पुनः दक्षिणी गोलार्द्ध पहुचं जाता है। इस तरह से सूर्य वर्ष में दो बार भू-मध्य रेखा के ऊपर से गुजरता है। हिन्दू नव वर्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर व विश्व में अन्य कई नव वर्ष इसी समय के निकट ही आरंभ हुआ करते हैं।आजकल यह समय लगभग 21 मार्च तथा 23 सितंबर को आता है। जब यह मार्च में आता है तो उत्तरी गोलार्द्ध में रहने वाले इसे महा/बसंत विषुव कहते हैं तथा जब सितंबर में आता है तो इसे जल/शरद विषुव कहते हैं। यह उत्तरी गोलार्द्ध में ऋतुओं के आने की सूचना देता है।

# जयंती विशेष 21 मार्च




**उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ** *Bismillah Khan*, जन्म- 21 मार्च, 1916, बिहार; मृत्यु- 21 अगस्त, 2006) 'भारत रत्न' से सम्मानित प्रख्यात शहनाई वादक थे। सन 1969 में 'एशियाई संगीत सम्मेलन' के 'रोस्टम पुरस्कार' तथा अनेक अन्य पुरस्कारों से सम्मानित बिस्मिल्लाह खाँ ने शहनाई को भारत के बाहर एक विशिष्ट पहचान दिलवाने में मुख्य योगदान दिया।

# बिहार दिवस विशेष

**21** मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01** मार्च से **22** मार्च



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री



आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

## 33 सुंदरनाथ धाम, अररिया

सुंदरनाथ धाम द्वापर युग में वनवास के दौरान भगवान श्री कृष्ण के आदेश पर पांडवों और उनकी माता रानी कुंती ने इस स्थान पर शिवलिंग की स्थापना की थी और पूजा की थी. इस पूजा के लिए भीम ने ऐरावत हाथी पर **108** कमल के फूल लेकर आए थे. वहीं मंदिर निर्माण के दौरान खुदाई में प्राचीन काले पत्थर का शिवलिंग, बसहा, त्रिशूल, शिलापट्ट आदि मिले थे. बता दें कि राजा के शासनकाल के दौरान यह मंदिर बनैली राजा बहादुर कृत्यानंद सिंह के अधीन था. राजा जब भी यहां शिकार के लिए आते थे तो शिवलिंग पर सवा मन दूध चढ़ाने के बाद ही शिकार के लिए निकलते थे। यह धाम बिहार का सबसे ऊँचा शिवलिंग के लिए जाना जाता है।

राकेश कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# TOB
# खेल कॉर्नर

## IPL 2025

# सभी टीमों के कप्तान



ऋतुराज गायकवाड
(चेन्नई सुपर किंग्स)



अक्षर पटेल
(दिल्ली कैपिटल्स)



शुभमन गिल
(गुजरात टाइटंस)



अजिंक्य रहाणे
(कोलकाता नाइट राइडर्स)



ऋषभ पंत
(लखनऊ सुपर जायंट्स)



पैट कमिंस
(सनराइजर्स हैदराबाद)



श्रेयस अय्यर
(पंजाब किंग्स)



संजू सैमसन
(राजस्थान रॉयल्स)



हार्दिक पंड्या
(मुंबई इंडियंस)



रजत पाटीदार
(रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु)

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.03.2025

## शिक्षण में गतिविधि विधि

शिक्षण में गतिविधि विधि एक प्रकार का शिक्षण जिसमें छात्र शिक्षक को निष्क्रिय रूप से सुनने के बजाय विशेष रूप से डिज़ाइन की गई गतिविधियों के एक सेट में भाग लेकर ज्ञान और समझ प्राप्त करते हैं। गतिविधि-आधारित शिक्षण एक सक्रिय शिक्षण-अधिगम पद्धति है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में **राधानगर बीच** को ट्रिपएडवाइज़र की 2025 की सूची में **एशिया** के पांचवें सबसे बेहतरीन **बीच** का दर्जा दिया गया है। थाईलैंड के फुकेत में स्थित **बनाना बीच** इस सूची में सबसे ऊपर है।



राकेश कुमार


ToB बूझो तो जानें..
बिहार दिवस विशेष
बिहार का क्षेत्रफल कितना है... बुझो तो जानें... ?
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार




बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

# बिहार दिवस - 2025

## "उन्नत बिहार, विकसित बिहार"




**गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण बिहार के 113वें स्थापना दिवस पर समस्त देशवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रख्यात शहनाई वादक ,देश
के सर्वोच्च नागरिक सम्मान
भारत रत्न से सम्मानित
उस्ताद बिस्मिल्लाह खां
जी की जयंती पर सादर नमन।
जन्म-21 मार्च 1916- मृत्यु -21 अगस्त 2006
Madhu priya
www.teachersofbihar.org





# अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस 21 मार्च

**अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस लोगों के बीच जंगलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि लोग पर्यावरण संरक्षण की ओर अपना ध्यान केंद्रित करे।**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya




# विश्व कठपुतली दिवस 21 मार्च

'कठपुतली' का खेल अत्यंत प्राचीन नाटकीय खेल है,
जो समस्त सभ्य संसार में प्रशांत महासागर के पश्चिमी
तट से पूर्वी तट तक-व्यापक रूप  से प्रचलित रहा है।

*Madhu priya*

www.teachersofbihar.org

# बिहार सरकार

# शिक्षा विभाग

## उन्नत बिहार, विकसित बिहार

















# उन्नत बिहार
## विकसित बिहार



